<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

राज्यपाल को पुलिस झण्डा दिवस पर फ्लैग पिन लगाया

लखनऊ: 23 नवम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक को आज पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर राजभवन में अपर पुलिस महानिदेशक, क्राइम, श्री हितेश अवस्थी एवं पुलिस महानिदेशक के सहायक, श्री बी0पी0 जोगदंड ने फ्लैग पिन किया। इस अवसर पर आई0जी0 कार्मिक, सुश्री तनूजा श्रीवास्तव, आई0जी0 स्थापना, श्री वी0 कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि 23 नवम्बर, 1952 को देश के प्रथम प्रधानमंत्री, पं0 जवाहर लाल नेहरू द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस एवं पी0ए0सी0 को उनके शौर्य प्रदर्शन तथा कर्तव्य परायणता के फलस्वरूप ध्वज प्रदान किया गया था।